मूल्य 1 रु.
वर्ष: 13 - अंक : 108, मुंबई, सोमवार, 5 जून, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर






# डीआरआई के हत्थे चढ़े तस्कर

## 10 किलो सोना जब्त, 6 करोड़ से ज्यादा की है कीमत

मुंबई। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटिलेजेंस (डीआरआई) ने 6 करोड़ से ज्यादा का सोना जब्त किया है। डीआरआई ने अलग-अलग मामलों में कुल 10 किलो का सोना जब्त किया है। यूएई के शारजाह से मुंबई आ रही फ्लाइट के 2 पैसेंजर अपनी कमर में सोने के 8 बिस्किट तस्करी करके ला रहा थे। डीआरआई ने इसके एक और साथी को गिरफ्तार किया गया है। सोना तस्करी मामले में कुल 3 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# 'ओडिशा रेल हादसे की होगी सीबीआई जांच'

## 'इंटरलॉकिंग सिस्टम बदलने से हुआ एक्सीडेंट'

**मुंबई हलचल/संवाददाता**


**भुवनेश्वर/बालासोर।** ओडिशा में शुक्रवार शाम को हुए रेल हादसे की उइकजांच कराई जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार शाम को बालासोर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। रविवार सुबह एक्सीडेंट साइट का जायजा लेने के बाद रेल मंत्री ने कहा था- इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलाव की वजह से एक्सीडेंट हुआ। जिम्मेदारों की पहचान भी कर ली गई है। रेल मंत्री के इस बयान के कुछ देर बाद रेलवे बोर्ड की ऑपरेशन एंड बिजनेस डेवलपमेंट मेंबर जया वर्मा ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद कहा- शुरूआती तौर पर लगता है कि सिग्नल में गड़बड़ी थी। हादसे के 48 घंटे बाद रविवार रात घटनास्थल से एक यात्री जिंदा मिला। हादसे के वक्त वह बोगी से निकलकर झाड़ियों में गिरकर बेहोश हो गया था। युवक की पहचान असम के रहने वाले डिलाल के रूप में हुई है। उसे तुरंत रेस्क्यू करके इलाज के लिए भेजा दिया गया, जहां उसे होश भी आ गया। घटना में उसका फोन और वॉलेट गायब हो गया।



हादसे के 48 घंटे बाद झाड़ियों में बेहोश मिला एक यात्री

### हादसे वाले रूट पर पहली बार दौड़ी मालगाड़ी, रेल मंत्री ने जोड़े हाथ, 51 घंटे में ट्रैक बहाल

*ओडिशा के बालासोर में हुए रेल हादसे के दो दिन के अंदर बहाली का काम पूरा हो गया है। इसी के साथ हादसे से प्रभावित सेक्शन पर रेल की आवाजाही भी शुरू हो गई है। बहनागा रेलवे स्टेशन से मालगाड़ी रवाना की गई। इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव लगातार ग्राउंड जीरो पर डटे रहे। जैसे ही ट्रैक पर मालगाड़ी गुजरी, अश्विनी वैष्णव ने पहले हाथ हिलाकर गाड़ी को रवाना किया और फिर राहत की सांस लेते हुए हाथ जोड़े। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, दोनों ट्रैक को बहाल कर दिया गया है। 51 घंटों के अंदर ट्रेन की आवाजाही सामान्य कर दी गई है और ट्रेन की आवाजाही शुरू हो चुकी है।*



### ओडिशा सरकार ने कहा- हादसे में 288 नहीं, 277 जानें गई

ओडिशा के चीफ सेक्रेटरी प्रदीप जेना ने रविवार सुबह दावा किया कि हादसे में 288 नहीं, बल्कि 275 लोगों की जान गई है। उन्होंने कहा कि कुछ शव दो बार गिन लिए गए थे, इस वजह से मृतकों की संख्या में गड़बड़ी हुई। हादसे में 1175 लोग घायल हुए, जिनमें से 793 को इलाज के बाद डिस्चार्ज किया जा चुका है। इस पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि हमारे पास हादसे में जान गंवाने वालों की लिस्ट बढ़ रही, लेकिन उनके पास घट रही है। हादसे में पश्चिम बंगाल के 162 लोगों की जान गई है।अब तक पूरी लिस्ट नहीं मिल पाई है। बहुत से ऐसे लोग भी यात्रा करते हैं जो लिस्ट में नहीं होते। 182 शवों की अब तक पहचान नहीं हुई है।

### इस मार्ग पर नहीं है कवच

**ट्रेनों में लगाया गया सुरक्षा प्रणाली कवच ट्रेन की आमने-सामने की भिड़ंत को रोकने का काम करता है। यह सिस्टम साइड कोजिनन के लिए तैयार नहीं किया गया है। रेलवे के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने बताया कि इस रूट पर कवच का सिस्टम अभी काम नहीं कर रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस रूट पर कवच नहीं होने पर सवाल उठाया है।**

### अजित पवार ने केंद्र पर साधा निशाना, कहा- पहले ऐसे हादसों के बाद इस्तीफा देते थे रेल मंत्री

महाराष्ट्र में एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने कहा, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, रेल विभाग को इसकी जांच कर जो दोषी हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। रेलवे को यात्रियों की जान को अहमियत देनी चाहिए। पहले रेल मंत्री ऐसे रेल हादसों पर इस्तीफा दे देते थे, लेकिन अब कोई बोलने को तैयार नहीं है।

### मृतकों के बच्चों की पढ़ाई की उठाई जिम्मेदारी उठायेंगे गौतम अडानी

*बालासोर ट्रेन हादसे पर दरियादिली दिखते हुए अडानी समूह के मालिक गौतम अडानी ने रविवार को ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा, उड़ीसा की रेल दुर्घटना से हम सभी बेहद व्यथित हैं। हमने फैसला लिया है कि जिन मासूमों ने इस हादसे में अपने अभिभावकों को खोया है उनकी स्कूली शिक्षा की जिम्मेदारी अडाणी समूह उठाएगा। पीड़ितों एवं उनके परिजनों को संबल और बच्चों को बेहतर कल मिले यह हम सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है। सोशल मीडिया पर अडाणी के इस कदम की जमकर तारीफ की जा रही है।*

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### बेरोजगारी है विकराल, गंभीर बने!

**भारत में बेरोजगारी असल समस्या का मुखौटा मात्र है। उस मुखौटे के पीछे अंडरइंपलॉयमेंट और परोक्ष बेरोजगारी का विशाल संकट है। जाहिर है, भारत के सामने एक एक दुश्चक्र में फंसने का खतरा है।**

भारत सरकार के ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में वेतनभोगी महिला कर्मियों की संख्या दो साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। वैसे कुल मिला कर रोजगार की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है, भले शहरों में युवा कर्मियों के लिए स्थिति कुछ बेहतर हुई हो। सावधिक श्रम शक्ति सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक (पीएलएफएस) की यह रिपोर्ट का संदेश यह है कि भारत में युवा आबादी के जिस लाभ की चर्चा अक्सर की जाती है, व्यावहारिक रूप से वैसा होने की स्थितियां बन नहीं रही हैं। अगर क्वालिटी एम्पलॉयमेंट की बात करें, तो सूरत और भी खराब नजर आती है। ताजा रिपोर्ट ने पहले से मौजूद ऐसी जानकारियों एक बार फिर से पुष्टि की है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत में शहरी बेरोजगारी दर अप्रैल से जून 2020 की तिमाही में 20.9 फीसदी पर पहुंच गई थी। तब से बेरोजगारी दर तो कम हुई है, लेकिन अपेक्षित तनख्वाह वाली नौकरियां कम ही उपलब्ध हैं। जबकि नौकरी खोजने वालों की तादाद लगातार बढ़ रही है। स्थिति यह है कि युवा आबादी कम वेतन वाले काम पाकर भी अपने को सौभाग्यशाली मानते हैं। यह काम भी ना मिले, तो वे अपना कोई छोटा-मोटा काम कर लेते हैं, जिन्हें सरकार स्वरोजगार बताती है। लगभग 1.4 अरब लोगों की आबादी के साथ भारत चीन को पीछे छोड़ दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है। इस आबादी का आधे से ज्यादा यानी लगभग 53 फीसदी 30 साल से कम आयु के हैं। भारत के इस जनसंख्या-लाभ की चर्चा सालों से हो रही है, लेकिन अच्छी नौकरियां ना होने के कारण करोड़ों युवा असल में अर्थव्यवस्था पर बोझ बनते जा रहे हैं। आर्थिक शोध एजेंसी आईसीआरआईईआर ने बताया है कि बेरोजगारी समस्या का मुखौटा मात्र है। उस मुखौटे के पीछे अंडरइंपलॉयमेंट और परोक्ष बेरोजगारी का विशाल संकट है। जाहिर है, भारत के सामने एक दुश्चक्र में फंसने का खतरा है। अगर रोजगार दर कम होती रही तो आय कम होगी और आय कम हुई तो युवाओं और बढ़ती आबादी के लिए नए रोजगार पैदा करने के लिए धन उपलब्ध नहीं होगा। बेशक, यह देश के सामने सबसे गंभीर समस्या है।

### फजल -उल-हसन उर्फ मौलाना हसरत मोहानी

# इंकलाब जिंदाबाद नारे का इजाद करने वाले क्रांतिकारी मौलाना हसरत मोहनी



**सैयद शाहनवाज अहमद कादरी इतिहासकार**

**इन्कलाब** जिन्दाबाद का नारा इजाद करने वाले और मुकम्मल आजादी की मांग करने वाले मर्दे मुजाहिद, इंकलाबी शायर फजल-उल-हसन उर्फ मौलाना हसरत मोहानी की पैदाइश 1 जनवरी सन् 1875 में कस्बा मोहान ( उन्नाव ) के एक औसत खानदान में हुई थी। आपकी इब्तदाई तालीम मोहान में हुई। उसके बाद फतेहपुर जाकर इण्टर पास किया। आगे की आला तालीम के लिए अलीगढ़ गये। अलीगढ़ एंग्लो ओरियन्टल कॉलेज में आपने टॉप किया। दौराने आला तालीम ही आप में हिन्दुस्तान की जंगे-आजादी के लिए बेचैनी दिखने लगी थी, जो आपके अखबारों में लिखे मजमून और गजलों में साफ दिखती थी। सन् 1903 में बी.ए. करने के बाद उर्दू रिसाला उर्दू-ए-मुअल्ला निकालकर अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ ऐसा माहौल बनाया कि अंग्रेज अफसरों के दबाव में आकर कॉलेज इंतजामिया ने आपकी मैगजीन पर पांबंदी लगा दी। इसके बाद तो आप पूरी तरह जंगे-आजादी की लड़ाई में कूद गये। सन् 1904 में कांग्रेस के सलाना इजलास में डेलीगेट की हैसियत से शामिल हुए। कांग्रेस के बड़े नेताओं को अपनी तकरीर से इतना असर-अंदाज किया कि आपका नाम उभरते हुए रहनुमाओं में शुमार होने लगा। आप मैदानी सियासत में कांग्रेस के साथ रहते हुए भी अपने नजरियात या मजहबी मामलात पर कभी समझौता नहीं किया । आपने उन दिनों नौजवानों में इतनी मकबूलियत कायम कर ली थी कि आपके हर मुहिम में नौजवानों की खासी तादात शामिल हुआ करती थी।

जिन्दगी भर आपकी कलम का इंकलाब न कभी रूका और न आप कभी किसी के आगे झुके नतीजे में आपको जेल का सफर कई किश्तों में करना पड़ा। पहली गिरफ़्तारी सन1908 में अपनी मैगजीन में मिस्त्र में बर्तानवी पॉलिसी पर मजमून शाया किया इसी जुर्म में गिरफ़्तार करके जेल भेज दिये गये। जब जेल से छूटकर आये तो आपके वालिद का साया आपके सर से उठ चुका था। सन 1913 में अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ लिखने पर आपकी मैगजीन पर पाबंदी के साथ-साथ 3,000 रुपयों का जुमार्ना भी लगाकर प्रेस बन्द करा दिया। आप से अंग्रेज अफसर इतना नाराज थे कि आपके खिलाफ कार्यवाही करने और गिरफ्तार करने का कोई मौका छोड़ते नहीं थे। जब काबुल में इण्डिपेंडेन्ट रिपब्लिक ऑफ इण्डिया पार्टी कायम हुई और मौलाना बरकतुल्लाह भोपाली इसके वजीरे-आजम बने तो उन्होंने आपको एक खत लिखा जिसमें हिन्दुस्तान की आजादी के लिए मदद के बारे में लिखा था। बस इसी बुनियाद को बगावत की साजिश मानकर आपको जेल में चक्की पीसने का काम दिया गया। जिसकी अगर कमी हो जाती तो अजीयते दी जाती थी। इन सबके बाद भी आपका इरादा फौलाद की तरह मजबूत था, सन् 1916 में अंग्रेज हुकूमत ने कुछ शर्तो के साथ रिहा करने का पैगाम भेजा जिसे आपने यह कहकर ठुकरा दिया कि जब तक मुकम्मल आजादी नहीं होती हम तुम्हारी किसी बात को मानने के लिए तैयार नहीं हैं।

जेल में चक्की पीसने के जिक्र के सच होने का अंदाजा इस शेर से लगाया जा सकता है कि उन हालात में भी जंगे-आजादी के लिए उनकी तड़प कैसी थी-

**एक तरफा तमाशा है, हसरत की तबियत भी**
**है मश्के-सुखन जारी चक्की की मुसीबत भी**

आपकी शख्सियत को उस दौर के रहनुमाओं ने अवामी सतह पर उभरने नहीं दिया जबकि आपकी जद्दोजहद आजादी की कुबार्नी किसी सफे अव्वल के नेताओं से कम न थी। आप निडर और बेबाक होते हुए भी कौमी एकजहती के बड़े कायल थे। आप हिन्दु-मुसलमान सभी में एक-सा मकबूल थे। आप कांग्रेस से अलग होकर कम्युनिस्ट पार्टी बनाने वालों में एक जिम्मेदारों में शामिल थे, आपने कई किताबे लिखी जिनमें मशहूर कुल्लियते हसरत मोहानी, नवकाते सुखन और मुसीबते जिन्दान हुई। आपकी शख्सियत और कद का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है। जो गांधीजी ने आपके बारे में कहे कि- मुस्लिम समाज में तीन रत्न हैं। इनमें से मेरी नजर में हसरत मोहानी सबसे महान हैं। 13 मई 1951 को मौलाना हसरत मोहानी ने लखनऊ में अंतिम सांस ली।

**संदर्भ -लहू बोलता भी है**
**लेखक-सैय्यद शाहनवाज अहमद कादरी**
**कृष्ण कल्कि**
**पृष्ठ संख्या. 165,166**
**संकलन एवं प्रस्तुति साजिद खान**
**धनपुरी शहडोल मध्य प्रदेश**

## शादी योग्य युवक-युवतियों का परिचय (बायोडाटा) जानकारी पहुंचाना अभियान

**बिलासपुर।** आज की भागमभाग व्यस्त जिंदगी मे मां बाप को अपने शादी योग्य बच्चों बच्चियों के लिए रिश्ता खोजना भी एक कठिन कार्य है। इस काम में मुस्लिम समाज को अपनी सेवा प्रदान कर समाज सेवा करने की भावना के साथ आज से लगभग दो साल पहले जरिया हमसफर संस्था बनाई गई और और यह संस्था खिदमते खल्क (जनसेवा) के काम को अंजाम देने के मकसद से जिसमें खास तौर पर मुस्लिम समाज के शादी योग्य लड़के लड़कियों के शादी करने के ख्वाहिशमंद परिवारजनों को मिलने मिलाने और जानकारी पहुंचाने का निशुल्क काम अंजाम दे रही है। जोकि बहुत ही सराहनीय है और संस्था के माध्यम से अब तक 50 से ज्यादा जोड़ों का रिश्ता तय कराया जा चुका है। इसी जनसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए संस्था के द्वारा 8 मई 2022 को व्यापार विहार त्रिवेणी भवन बिलासपुर में दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मुस्लिम समाज के शादी योग्य लड़के लड़कियों का पहला परिचय सम्मेलन का सफल आयोजन भी किया जा चुका। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुछ दूसरे प्रदेश के भी परिवारजन अपने शादी योग्य लड़के लड़कियों के साथ सैकड़ों की तादाद में कार्यक्रम में सम्मिलित हए। इस दरमियान कई जोड़ों के रिश्ते भी तय हुए और लोगों ने संस्था की बहुत प्रशंसा तारीफ की और आगे भी इसी तरह के प्रोग्राम आयोजित किए जाने की इच्छा जाहिर की ताकि जिन लोगों के लड़के लड़कियों के रिश्ते होने में दिक्कत जा रही हो तो उन्हें एक मंच मिल सके और वह अपनी समस्या का समाधान कर सके। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर निगम महापौर श्री राम शरण यादव जी, सभापति शेख नसीरुद्दीन, संस्था के अध्यक्ष अनाया कुरैशी जी, जिला कांग्रेस कमेटी के श्री निजामुद्दीन दुलारे जी, संस्था के सदस्य जायना खान, सरीना खान, मोहम्मद सलीम, सोफिया कुरेशी, रूही अली, कलिमा, रूही बेगम, रेहाना अंजुम, नौशीन खान, मन्नान खान, डॉक्टर रिजवाना, सोफिया, रुखसार आदि मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे। कुल मिलाकर इस संस्था की यह एक नेक पहल रही जिसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। संस्थापक अनाया मैडम ने जानकारी देते हुए बताया कि इंशाल्लाह जल्द ही दूसरा परिचय सम्मेलन आयोजित किए जाने लिए कोशिश जारी है इसके लिए आप सभी की दुआओं की तलबगार हूं और दहेज की लेनदेन करने वालों के लिए हमारे संस्था की सेवा कतई नहीं दी जाती है। मेहरबानी करके ऐसे लोग हमारी संस्था के कार्यों से दूर रहे क्योंकि दहेज लेना और देना इस्लामी वसूलो और अल्लाह के नबी हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलेह सलाम की सुन्नतो (तरीके आचरण) के विरुद्ध है। अल्लाह से दुआ कि वह संस्था के सभी सदस्यों को इसका बेहतर सिला व बदला प्रदान करें और जनसेवा के इस काम को आगे बढ़ाने का तौफीक (सौभाग्य) प्रदान करें आमीन। संस्था का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के लिए ही विशेष है इसलिए यही के लोग संपर्क करें। नए रिश्ते की जानकारी लेने और देने के लिए संस्था की संस्थापक अनाया मैडम से संपर्क किया जा सकता है। **प्रस्तुति- साजिद खान धनपुरी शहडोल मध्य प्रदेश**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# एशिया की सबसे बड़ी सामूहिक विकास क्लस्टर योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री शिंदे के हाथों की जाएगी

## ...उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस समारोह को करेंगे संबोधित



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**ठाणे।** देश में ही नहीं बल्कि एशिया की सबसे बड़ी, महत्वाकांक्षी और ऐतिहासिक समूह विकास योजना क्लस्टर आकार ले रहा है और इस महत्वपूर्ण परियोजना का उद्घाटन समारोह 5 जून सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों किया जाएगा और राज्य के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस समारोह को संबोधित करेंगे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री कपिल पाटिल, राज्य मंत्री, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार, शंभुराज देसाई, राज्य मंत्री आबकारी एवं पालक मंत्री ठाणे जिला, उदय सामंत, उद्योग मंत्री, रवींद्र चव्हाण, लोक निर्माण मंत्री (सार्वजनिक उद्यमों को छोड़कर) खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण, अब्दुल सत्तार, कृषि मंत्री, सांसद राजन विचारे, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, सांसद कुमार केतकर, विधायक डॉ. जितेंद्र अव्हाड, विधायक प्रताप सरनाईक, विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे, विधायक प्रमोद पाटिल की विशेष उपस्थिति रहेगी। इसी प्लॉट पर रोड नंबर 22 से सटे प्लॉट नंबर एफ-3 19275 वर्ग मीटर है। इसी स्थान पर किया जायेगा। सिविल रिवाइवल 1 और 2 को सरकारी कंपनी सिडको के माध्यम से लागू किया जाएगा। अनाधिकृत एवं शासकीय खतरनाक भवनों का सामूहिक रूप से पुनर्विकास करने के क्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा परिकल्पित नियमावली तैयार की गई है अंतिम प्लॉट नं. 7753 वर्ग मीटर के क्षेत्र पर 186/187 इसी तरह, क्लस्टर विकास योजना के संचालन के प्रबंधन के लिए कशिश पार्क में एक क्लस्टर पुनर्विकास कार्यालय बनाया गया था इस विशाल कार्यालय का उद्घाटन भी मुख्यमंत्री माननीय द्वारा किया जाना है संचालन एकनाथ शिंदे करेंगे। कशिश पार्क में समूह विकास शाम को योजना के विशाल कार्यालय का उद्घाटन 5.00 बजे आयोजित किया जाएगा उस के बाद शाम 5.25 बजे अंतिम प्लॉट संख्या 186/187 में समूह विकास योजना का उद्घाटन, शाम 5.40 बजे वागले एस्टेट रोड नंबर 22 के एक प्लॉट पर सामूहिक विकास योजना का शुभारंभ होने वाला है इसी शाम 5.50 बजे मुख्य कार्यक्रम रोड नंबर 22, किशन नगर, वागले एस्टेट में होगा ठाणे मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने जानकारी दी। इस कार्यक्रम के लिए मुंबई मनपा कमिश्नर आई एसचहल, कृषि विभाग के प्रधान सचिव एकनाथ डावले, सिडको के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. संजय मुखर्जी, महाप्रीत विपिन श्रीमाली के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. विपिन शर्मा आदि मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम के लिए ठाणे कर नागरिक की उपस्थिति के लिए ठाणे मनपा प्रशासन के अपर आयुक्त (1) संदीप मालवी और अपर आयुक्त (2) संजय हेरवड़े ने जनता से अपील की है।

# क्या प्लास्टिक प्रदूषण का कोई समाधान है?

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ठाणे मनपा प्रशासन की पहल



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**ठाणे।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ठाणे मनपा प्रशासन ने प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण पर काबू पाने के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया है। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'Tackling Plastic Pollution' है। उसी के अनुसार मनपा प्रशासन मुख्यालय में ठाणे मनपा प्रशासन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन 05 जून सोमवार को सुबह 11.30 बजे नरेंद्र बल्लाल सभागार में किया गया है। इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार की मिशन लाइफ पहल के बारे में जानकारी दी जाएगी। मुंबई उपभोक्ता पंचायत और पर्यावरण पूरक गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। समर्थ भारत व्यासपीठ के सहयोग से ठाणे महानगर पालिका क्षेत्र में प्लास्टिक कचरा संग्रहण एवं उपयोग की जानकारी दी जाएगी। ठाणे शहर में चल रही 'आरआरआर' पहल की समीक्षा और शहर के सर्वश्रेष्ठ आरआरआर केंद्रों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरित/स्वच्छता की शपथ ली जायेगी। इसके साथ ही रोटरी क्लब ठाणे नॉर्थ एंड में घर से पुराने लेकिन उपयोग में आने वाले कपड़े, किताबें, खिलौने, जूते-चप्पल के लिए एक सेल्फी प्वाइंट और एक कलेक्शन सेंटर होगा।

# माथेरान में कई बंदरों की मौत से सनसनी

**मुंबई।** मुंबई से नजदीक प्रसिद्ध हिल स्टेशन माथेरान में एक साथ कई बंदरों की मौत से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया है। माथेरान एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण का केंद्र है। छुट्टियों के दौरान यहां पर्यटकों की भारी भीड़ होती है। माथेरान में बंदर भी आकर्षण का केंद्र हैं। इसी बीच माथेरान में एक हैरान कर देने वाली घटना हुई है। जानकारी के मुताबिक, माथेरान में शुक्रवार की सुबह कुछ बंदरों की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि माथेरान रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सुबह सात से आठ बंदर बेहोश मिले। आठ बंदरों में से दो तड़प रहे थे। हालांकि बाकी छह बंदर पहले ही मर चुके थे। बंदरों की मौत की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे। स्थानीय नागरिकों ने दोनों बंदरों को पानी पिलाने की कोशिश की। लेकिन कुछ फायदा नहीं हुआ। इस बीच, वन विभाग के अधिकारियों द्वारा मृत बंदरों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद बंदरों की मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। तो क्या किसी ने रात में इन बंदरों को जहर दिया था? या पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी पड़ी की वजह से बंदरों की मौत हीट स्ट्रोक से हुई है?

(पृष्ठ 1 का समाचार)


## डीआरआई के हत्थे चढ़े तस्कर

इन सभी के पास से बरामद सोने की कीमत 4 करोड़ 94 लाख रुपये है। वहीं, दूसरे मामले में दुबई से आ रहे एक भारतीय मूल के यात्री के पास से कुल 56 लेडीज पर्स बरामद किए गए हैं। उस पर्स में सोने को सिल्वर कलर मेटल वायर के रूप कन्वर्ट कर लाया गया था। जो कि एक स्ट्रिप के रूप में दिख रही थी। इन 56 पर्स में जो स्ट्रिप बरामद की गई है। उसमें 2 किलो 5 ग्राम गोल्ड बरामद हुआ है। इसकी कीमत 1 करोड़ 23 लाख 80 हजार 875 रुपये है। डॉयरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटिलेजेंस ने कुल 6 करोड़ 17 लाख 80 हजार 875 रुपये का सोना बरामद किया है। डीआरआई ने एयरपोर्ट में सोना तस्करों की धरपकड़ में तेजी लाई है। डीआरआई पकड़े गए सभी तस्करों से पूछताछ भी कर रही है। डीआरआई को शक है कि इनके पीछे कोई और बड़ा सरगना शामिल हो सकता है। बता दें कि डॉयरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटिलेजेंस की टीम दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी तस्करों की धरपकड़ करती रहती है। इसके साथ ही सबसे अधिक मात्रा में सोने की जब्ती केरल में की जाती है। यूएई या विदेशों से आने वाली उड़ानों में ये तस्कर बड़ी मात्रा में सोना छिपाकर लाते हैं। डीआरआई की सख्ती के चलते इन सभी तस्करों का भंडाफोड़ हो जाता है।

# 20 साल पहले की थी हत्या, अब चढ़ा पुलिस के हत्थे

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में 20 साल पहले एक कपड़ा व्यापारी की हत्या हुई थी। इस हत्या के बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने 20 साल पुरानी मर्डर मिस्ट्री की गुत्थी सुलझा ली है। साल 2003 में मुंबई के सांताक्रुज पुलिस स्टेशन में एक कपड़ा व्यापारी की हत्या का मामला दर्ज किया गया था। जिसे 20 सालों की लंबी जांच पड़ताल के बाद आखिरकार आरोपी को गिरफ्त में लिया गया है। दरअसल, 2003 में आपसी बहस के चलते कपड़ा व्यापारी दीपक राठौड़ की हत्या उसी के ही साथी रूपेश ने कर दी थी। हत्या कर आरोपी रूपेश फरार हो गया था। फरार आरोपी कई राज्यों में अपनी पहचान बदलकर रह रहा था। इस बीच आरोपी ने अपने नकली नाम के साथ आधार कार्ड भी बनवा लिया था। पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। दो दशक पहले वह मृतक व्यक्ति के साथ दिल्ली से मुंबई व्यापार के सिलसिले में आया था। लेकिन एक दिन खाने के वक्त दोनों में किसी विषय को लेकर बहस हो गई। इसके बाद आरोपी ने मृतक पर चाकू से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। जिस समय आरोपी ने हत्या को अंजाम दिया। उस वक्त उसकी उम्र 22 साल थी। हत्या के बाद आरोपी एक लाख 30 हजार की रकम लेकर भी फरार हो गया था। फरार आरोपी दिल्ली, गुजरात जैसे शहरों में टूरिस्ट गाइड से लेकर ऑटो ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। इस दौरान मुंबई पुलिस अलग अलग शहरों में सुराग की तलाश में जुटी रही। साथ ही आरोपी के रिश्तेदारों से भी सबूत इखट्ठा करती रही। लगातार 20 साल से चली जांच पड़ताल के बाद आखिरकार मुंबई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



## पूर्व सांसद इलियास आजमी का दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इंतकाल

**दिल्ली।** जनाब इलियास आजमी पूर्व सांसद का अपोलो अस्पताल दिल्ली में इंतकाल हो गया है। नमाजे जनाजा कल बाद नमाज जोहर उनके पैतृक गांव बरौली तहसील फूलपुर जिला आजमगढ़ में होगी। इलियास आजमी का जन्म 22 अगस्त 1934 में हुआ था। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के सदरपुर बरौली-फूलपुर में हुआ था। उनके पिता का नाम मोहम्मद मारूफ है।

# मलेरिया निरोधक माह निकाली गई रैली




**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**शहडोल।** गत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार जिला शहडोल में श्री हनुमान प्रसाद नामदेव 'जिला मलेरिया अधिकारी एवं डां रामकृपाल वर्मा-मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में मलेरिया निरोधक माह जून 2023 की रैली का आयोजन किया गया जिसमें श्री रामचन्द्र चतुर्वेदी-एम टी एस बुढ़ार ने बताया कि मलेरिया नियंत्रण हेतु बुखार आने पर खूंन की जांच अवश्य करायें,अपने घर के आसपास पानी के जमाव को हटाने एवं सप्ताह में कूलर,टंकी,नांद, कंटेनर एवं अनुपयोगी कुंआ में जला मोबीआइल डालकर मच्छर के लार्वा नष्ट करने हेतु विस्तृत प्रचार-प्रसार किया गया तथा सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्था एवं ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ता के पास मलेरिया बुखार की जांच एवं उपचार पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध है जिसमें डां रविकृष्ण पटेल मेडिकल आफीसर,डा सुनील त्रिपाठी आर बी एस के,श्री पीवके सिंह फार्मा, श्री आर के त्रिवेदी -बी ई ई,श्री रामचन्द्र चतुवेर्दी-एम टी एस बुढ़ार, श्री विवेक वर्मन बी पी एम बुढ़ार, शिखा गुप्ता बी सी एम,भावना पाण्डेय बी ए एम,श्री कुलदीप माझी एल टी,श्री राजभान सिंह एल टी,श्री रामराज सिंह डी इ ओ,एवं समस्त अर्बन बुढ़ार की ए एन एम, आशा कार्यकर्ता एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# मोदी सरकार यौन शोषण के आरोपी ब्रजभूषण शरण सिंह को क्यों बचा रही है जवाब दें - फौजदार

**मुंबई हलचल/भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर संवैधानिक तरीके आंदोलन कर रही महिला पहलवानों के साथ स्थानीय पुलिस द्वारा निर्दयता पूर्वक रवैया अपनाया गया जो बेहद ही शर्मनाक एवं अति निंदनीय है। इसको लेकर भारतीय नौजवान इंकलाब पार्टी के संस्थापक आजाद खेम सिंह फौजदार के निवास स्थान भरतपुर में हुई बैठक में सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों की हुई बैठक में कड़ा आक्रोष जताते हुए इस मामले की कड़ी निन्दा की गई।भारतीय नौजवान इंकलाब पार्टी के संस्थापक आजाद खेमसिंह फौजदार ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि देश के सभी सत्ता - भोगी दलों के नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हमारे देश का सम्मान और शान नारी जाति को कहा गया है! फिर क्या कारण है कि जंतर-मंतर पर अपने साथ हुए यौन शोषण के आरोपी एवम कुस्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह द्वारा किए यौन शोषण के विरुद्ध न्याय पाने हेतु हमारी गोल्ड-मेडलिस्ट महिला पहलवान एक महीने से धरनारत थी। किंतु सरकार द्वारा उनको न्याय दिलाना तो दूर की बात उल्टे महिला पहलवानों को पुलिस द्वारा



जबरदस्ती घसीटवाकर उनको एवं उनके समर्थकों को पुलिस हिरासत में ले उन पर मुकदमा दायर करने की हम कड़ी से कड़ी निन्दा करते हैं। फौजदार ने कहा कि महिला पहलवानों के साथ जो घटिया और निंदनीय बेशर्मी से भरपूर कृत्य इस सत्ता-पक्ष की मोदी सरकार ने किया। उस हेतु जितनी दोषी मोदी सरकार है, हम उतना ही दोषी विपक्ष की कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी, सपा, बसपा सहित उन तमाम सत्ता का आनंद लेने वाली पार्टी व उनके नेताओं को मानते हैं,और मानते ही नहीं बल्कि वो भी इतने ही जिम्मेदार हैं। जितनी बीजेपी सरकार। आखिर महिला पहलवानों के साथ इतने बड़े और घटिया, घिनौने कांड पर भी इन सभी राजनैतिक दलों व उनके नेताओं का मौन रहना ये साबित करता है कि अब इस देश में लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं बची है और अब इस बात को भी समझ लेना चाहिए कि वर्तमान दौर में कोई भी माता, बहन न्याय पाने के लिए हिम्मत नही जुटा पायेगी। उन्होंने कहा कि मैं देश के सभी सम्मानित नागरिकों से कहना चाहता हूं। अपनी बहन -बेटियों की रक्षा-सुरक्षा हम स्वयं करें। सरकार से किसी भी तरह की उम्मीद न करें। सरकार, गुंडे, माफिया, बाहुबलियों तथा बलात्कारियों की रक्षक है। इस अवसर पर संस्थापक आजाद खेम सिंह फौजदार, राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार नंबरदार, राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश तेवतिया, राष्ट्रीय मुख्य सचिव राजेश्वर त्यागी, मीडिया प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भैरु सिंह राठौड़, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती के. बी. सुखवाल, महिला प्रकोष्ठ की दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शायरा उर्फ.कमल मैडम, राजस्थान प्रदेश संयोजक संजय कश्मीरिया, मीडिया प्रभारी नवरतन दुबे, अनिल कुमार अंबष्ठ, महिला प्रकोष्ठ की गाजियाबाद जिलाध्यक्ष काजल सचान सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मधुबनी आचार संहिता को लेकर डीएम सख्त, दिए त्वरित कार्रवाई के आदेश

**मधुबनी।** भयमुक्त, शांतिपूर्ण एवम सफलतापूर्वक नगरपालिका निर्वाचन के संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने सभी कोषांगों के वरीय, नोडल पदाधिकारियो के साथ किया बैठक। पूरी सख्ती के साथ आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करवाने एवं आदर्श आचार संहिता का उलंघन करने वाले के विरुद्ध त्वरित करवाई का दिया निर्देश। सभी मतदान केंद्रों का दो दिनों के अंदर पुनः भौतिक सत्यापन कर सभी मूलभूत सुविधाएं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का दिया निर्देश। भीषण गर्मी को देखते हुए मतदाताओं के लिए शेड बनाने का दिया निर्देश। चुनाव प्रचार के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र से मानक आवाज की ध्वनि में ही प्रचार प्रसार करना होगा, इसके उलंघन पर नियानुसार होगी करवाई। मधुबनी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में नगर निकाय निर्वाचन को सफलता पूर्वक भयमुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर सभी वरीय पदाधिकारियों एवम सभी नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# इल्फा अवार्ड्स 2023 (इंडियन लुक अलाइक फिल्म अवार्ड) का भव्य आयोजन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** फिल्म जगत में स्टार्स तो शोहरत हासिल करते ही हैं, साथ ही उनके कई हमशक्ल भी लोगों में अपनी पहचान स्थापित कर लेते हैं और इसे जीविका का साधन बना लेते हैं। एक ऐसे ही आर्टिस्ट हैं आरिफ खान जिन्हें अनिल कपूर के हमशक्ल के रूप में जाना जाता है। आरिफ खान अनिल की कई फिल्मों में उनके बॉडी डबल भी बन चुके हैं। आरिफ खान पिछले कई वर्षों से इल्फा (इल्फा) इंडियन लुक अलाइक फिल्म अवार्ड्स २०२३ का भव्य आयोजन करते आ रहे हैं। इस वर्ष आरिफ खान (जूनियर अनिल कपूर) ने और अशोक सक्सेना (आयला अस्सोसिएशन और वैशाली फिल्म क्रिएशंस ने मुम्बई के



मुक्ति कल्चरल हॉल में इल्फा अवार्ड्स (इंडियन लुक ए लाइक फिल्म अवार्ड्स २०२३) को प्रस्तुत किया जहां चीफ गेस्ट के रूप में सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान के निर्देशक फरहाद सामजी उपस्थित थे जिनके हाथों काफी लोगों को सम्मानित किया गया। जूनियर अनिल कपूर आरिफ खान और बी एन तिवारी ने दीप प्रज्वलित करके प्रोग्राम की शुरूआत की। कई हस्तियों ने इस अवार्ड शो को दिल से मुबारकबाद दी। यहां गुरु जी, संजय बेड़िया, आसिफ खत्री जैसी हस्तियां मौजूद रहीं। आरिफ खान ने कहा कि आसिफ खत्री और सोहेल खंडवानी साहब ने और करेन टेरी रजा ने भी आइला एसोसिएशन की लॉक डाउन में काफी लोगों की मदद की। जैकी श्रॉफ, रजा मुराद, जॉनी लीवर, अनूप जलोटा, सुनील पाल, एहसान कुरैशी, जीनत कुरैशी इत्यादि ने वीडियो मैसेज के जरिये आरिफ खान को इस समारोह के लिए बेस्ट विशेज दिया। सीनियर एक्टर रमेश गोयल को भी सम्मानित किया गया, साथ ही इस अवार्ड फंक्शन की होस्ट मोना थीं।

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व राजस्थान सह प्रभारी काजी निजामुद्दीन का मुमताज शेख ने महिला टीम के साथ किया स्वागत

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**



**बीकानेर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व राजस्थान से प्रभारी काजी निजामुदीन बीकानेर दो दिवसीय प्रोग्राम में आए हुवे थे इस बीच बीकानेर सगुन प्लेस पर मुमताज शेख ने गुलदस्ता देकर स्वागत सम्मान किया वे सभी कांग्रेसी मंत्रियों पदाधिकारियों का माला देकर किया स्वागत इस मौके पर सुनीता गौड़ शहर जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस बीकानेर, राजकुमारी व्यास जिला देहात अध्यक्ष महिला कांग्रेस बीकानेर, सुसमा बारूपाल, सरोज सरगरा, मुमताज बानो सर जिला सचिव कांग्रेस कमेटी बीकानेर, उमा सुथार प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी, आशा स्वामी प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी, संतोष प्रजापत, सीता रामावत, हबीबा चौहान, उपस्थित रहे।

# लोकतांत्रिक लोक राज्यम पार्टी की पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

**पटना।** लोकतांत्रिक लोक राज्यम पार्टी (एलएलआरपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार चौधरी ने राजधानी पटना में आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पार्टी की नीतियों को घर - घर तक पहुंचने की अपील की है। अमित चौधरी ने कहा की कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते है उन्हें ज्यादा से ज्यादा सदस्यता अभियान को सुचारू रूप से चलाने का भी आह्वान किया है। उन्होंने कहा की अगामी 2024 में लोकसभा व विधान सभा के चुनावों से पहले पार्टी से जुड़े हर कार्यकर्ता व पदाधिकारी पार्टी की समीक्षा बैठक आयोजित कर रिपोर्ट राष्ट्रीय पार्टी कार्यालय को सौंपने




के कार्य में तेजी लाएं। श्री चौधरी ने कहा की प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के कार्य में जी जान से जुटकर अपनी व्यक्तिगत भागेदारी सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया की पार्टी भ्रष्टाचार, आतंकवाद, बेरोजगारी, जातिवाद दलितों व आदिवासियों पर आए दिन हो रहे अत्याचारों के बिल्कुल खिलाफ है। उन्होंने कहा की आए दिन लोग भारी संख्या में पार्टी से जुड़ रहे है। उन्होंने कहा की आज के समय में भ्रष्टाचार की समस्या किसी एक राज्य की नही है आए दिन भ्रष्टाचार, डकैती, लूटपाट, बलात्कार के मामले सामने आ रहे है। उन्होंने कहा की लोकतांत्रिक लोक राज्यम पार्टी सत्ता में आने पर इस तरह की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वहीं, पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा की पार्टी का मुख्य एजेंडा सभी को रोजगार व न्याय उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा की चुनावों को लेकर वे बिहार सहित अन्य राज्यों में भी बैठक के जरिए कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे है। इस अवसर पर बिहार संयोजक अमित कुमार चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष नौशाद मंसूरी संयोजक रामानंद महिला संयोजक मंजू, डॉ.महेंद्र नाथ, प्रखंड सचिव सुल्तान प्रखंड अध्यक्ष रंजन यादव भी मौजूद रहे।

# आमेसर में विधुत विभाग की कुम्भकर्णी नींद से ग्रामीण परेशान



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** भीलवाड़ा जिले के आसींद उपखंड के आमेसर गांव में विधुत विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं, ग्रामीणों द्वारा बार-बार सूचना देने पर भी विधुत विभाग कुम्भकर्ण की नींद सोया हुआ हैं, आमेसर के वीर सावरकर चौक में आंगनवाड़ी के समीप मुख्यमार्ग पर विधुत विभाग द्वारा डीपी लगी हुई हैं जिसमें आये दिन डीपी में त्रुटि के कारण आंगनबाड़ी में पढ़ने आने वाले बच्चे व राहगीरो के बिजली की चपेट में आने का भय बना रहता हैं। समय पर नहीं पहुंचते हैं कर्मचारी अजमेर विधुत निगम के कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचते हैं इस कारण ग्रामीणों को कभी कभी मजबूरी में स्वयं ही विधुत के तार जोड़ने पड़ते हैं जिस कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता हैं। उक्त जानकारी क्षेत्रीय पत्रकार कृष्ण गोपाल शर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी है।

# गुजरात से हाजियों की पहली एयरलाईन हुई रवाना



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**जामनगर (गुजरात)।** इस्लाम का पवित्र हज की पवित्र यात्रा के लिए जाने का प्रारंभ हो चुका है, उसके चलते गुजरात के अहमदाबाद ऐयरपोर्ट से मक्का मदीना की पवित्र यात्रा करने वाले गुजरात के हाजीओं की प्रथम एयरलाईन रवाना हुई, उस दौरान गुजरात से जाने वाले हाजी को अहमदाबाद गुजरात के पुर्व विधायक गीयाशुदीन शेख और वर्तमान विधायक ईमरान खेडावा और ईम्तीयाज शेख प्रेसिडेंट काउन्सिल और सामाजिक कारकुन हनिफ भाई खलीफा शफवान खान पठान बापु साहाब मारूफ भाई शाकीवाला ऐडवोकेट अस्लम भाई शेख द्वारा अमदाबाद ऐयरपोर्ट पर विदाई दी गई थी।




• दैनिक मुंबई हलचल

**जरुरी सूचना**

पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.

धन्यवाद... संपादक

9821238815

# सूरजगढ़ में कबीर दास जी की जयंती मनाई गई



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**सूरजगढ़।** 04.06.2023 सर्व समाज समरसता एवं सर्वांगीण विकास समिति के बैनर तले राष्ट्रीय संत, महान कवि और अपने दोहों के माध्यम से समाज को आईना दिखाने वाले कबीर दास जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शिक्षाविद मोतीलाल डिग्रवाल ने कबीर दास जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कबीर जी निराकार ईश्वर के उपासक थे। उन्होंने अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और पाखंड के खिलाफ जीवनपर्यंत लड़ाई लड़ी। कबीर जी ने अपने दोहों, कविताओं के माध्यम से समाज को जागृत करने का भरसक प्रयास किया। इस अवसर पर राधेश्याम चिरानिया पूर्व प्रबंधक पी एन बी, प्रभु दयाल सोंकरिया डी ओ एल आई सी, शिक्षाविद रतनलाल चेतीवाल, जगदीश प्रसाद कनवाडिया एक्स पोस्ट मास्टर, एडवोकेट मनोज डिग्रवाल, श्रीमती शांति देवी डिग्रवाल, श्रीमती सुमन डिग्रवाल, समाजसेवी सज्जन कटारिया, सर्व समाज समरसता एवं सर्वांगीण विकास समिति के सचिव ओमप्रकाश सेवदा ने वर्तमान हालातों का जिक्र करते हुए कहा कि कबीर जी ने चार प्रकार की रचनाएं की जैसे शब्द, साखी, रेमैनी व उल्टवासिया जो उनके द्वारा लिखित बीजक में संग्रहित है। आज सर्व समाज में समरसता, समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय के लिए आगे आकर प्रयास करने चाहिए। वर्तमान हालातों में आपसी भाईचारे एवं सौहार्द की नितांत आवश्यकता है। इस मौके पर कई लोगों ने कबीर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

## उत्तराखंड हलचल

# रंगदारी प्रकरण का हरिद्वार पुलिस ने किया सफल खुलासा

### मोबाइल सहित 02 को दबोचा हार्डवेयर व्यापारी को गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के नाम से मिली थी धमकी

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**हरिद्वार।** हार्डवेयर व्यापारी संतोष महेश्वरी को धमकाकर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर रंगदारी मांगने सम्बन्धी प्रकरण का एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर गठित स्पेशल पुलिस टीम ने सफल खुलासा करते हुए दो युवकों को कॉल व टेक्स्ट मैसेज करने के लिए प्रयुक्त मोबाइलों समेत दबोचा। फोन कॉल से धमकी देने के सम्बन्ध में कोतवाली हरिद्वार में दर्ज मु0अ0सं0 189/2023 धारा 384/506 में चल रही विवेचना के बीच व्यापारी को पुनः 2 जून की शाम को नए नम्बरों से टेक्स्ट मैसेज से धमकी मिलने के साथ ही उक्त दोनों नम्बरों से (उसी प्रकार पहले कॉल, बाद में टेक्स्ट मैसेज) रायवाला के दो व्यापारियों को धमकी दी गई थी। जिस सम्बन्ध में थाना रायवाला में भी अलग-अलग मुकदमें दर्ज हैं। गठित स्पेशल टीम ने फोन कॉल/मैसेज करने के लिए प्रयोग किए गए



मोबाइल नंबर की सीडीआर का गहनतापूर्वक अवलोकन कर इलेक्ट्रॉनिकली अन्य कई बातों का ध्यान रखते हुए साथ ही साथ फील्ड में अपने मुखबिरों का जाल बिछाते हुए अभियुक्त वीरेंद्र उर्फ छोटा सुनार व गोविंद बाबा को हिरासत में लेकर मोबाइल फोन को भी बरामद किया गया। विवेचना के दौरान पता चला है कि अभियुक्त वीरेंद्र उर्फ छोटा सुनार विलासपुर छत्तीसगढ स्थित अंग्रेजी माध्यम के स्कूल से पढ़ाई के दौरान छठवीं कक्षा में भागकर हरिद्वार आ गया था। इस दौरान घाटों पर गोताखोरी करने व गंगा ढूंढने के वह अन्य गोताखोरों को मिले स्वर्ण अथवा चांदी के आभूषण आदि को तुरंत खरीदकर आगे बेचने के उसके काम के कारण उसका नाम छोटा सुनार पड़ा। अन्य अभियुक्त गोविंद बाबा निर्धन निकेतन विद्यालय से दसवीं फेल होकर अस्थाई चाय की दुकान चलाता है।अक्सर एक साथ शराब पीने के दौरान दोनों अभियुक्तों ने रंगदारी मांगने का प्लान तैयार किया। थोक विक्रेता के पास मोटी रकम आने की जानकारी होने पर अभियुक्तों ने फिरौती में मोटी रकम हासिल करने के लिए पहले हरिद्वार निवासी हार्डवेयर व्यापारी की दुकान के बोर्ड से उसका नम्बर लिया और रायवाला निवासी व्यापारियों के दुकान के बोर्ड पर नम्बर अंकित न होने पर उनके द्वारा संचालित स्कूल से नम्बर प्राप्त कर तीनों नम्बरों पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर चौथ मांगी।

# जेएनवी पुरोला में पुलिस ने लगाया जनजागरुकता शिविर छात्र/छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव व साइबर क्राइम के प्रति किया जागरुक

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी के निर्देशन में नशे व अन्य सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध 'जागृत युवा, जागृत समाज व सशक्त राष्ट्र' की थीम पर चलायी जा रही मुहिम 'उदयन' के अंतर्गत उत्तरकाशी पुलिस द्वारा पुलिस उपाधीक्षक, ऑपरेशन प्रशान्त कुमार की अध्यक्षता में जवाहर नवोदय विद्यालय धुनगिर पुरोला में जनजागरुकता शिविर आयोजित कर छात्र/छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराध व अन्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरुक किया गया। शिविर मे सी0ओ0 प्रशान्त सर द्वारा छात्रा/छात्राओं को नशे के प्रति जागरुक करते हुये बताया गया कि नशा, वर्तमान परिदृश्य में अभिशाप बना है, आये दिन लोग विशेषकर युवा नशे के जाल में आकर फंसकर तथा अपने जीवन को तबाह कर रहे हैं, नशे के सेवन से हमारा आर्थिक, शारीरिक, मानसिक व सामाजिक ख्याति हर प्रकार का नुकसान हो रहा




है, हम सभी को नशे के इस जंजाल से दूर रहते हुये अपने भविष्य व पढाई पर केन्द्रित रहना है। छात्र/छात्राओं को वर्तमान समय में लगातार बढ रहे साइबर क्राईम के प्रति सजग करते हुये उनके द्वारा बताया गया कि आधुनिक दौर टेक्नोलॉजी/डिजिटल माध्यम का दौर है, इसीलिए आजकल अपराधी भी टेक्नोलॉजी के माध्यम से लोगों को साइबर क्राइम/ठगी का शिकार बना रहे हैं। आए दिन लोग साइबर ठगों के प्रलोभन/लॉटरी/ऑनलाइन जॉब आदि में आकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। हम सभी को साइबर ठगों के द्वारा मैसेज/कॉल/ईमेल/सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से भेजे गये प्रलोभन/लुभावने मैसेजों से सावधान रहना चाहिए। सोशल मीडिया व अन्य साइबर प्लेटफार्मों पर किसी भी अपरिचित व अंजान से अपने निजी जानकारी साझा नही करनी चाहिए। यूपीआई/क्यूआर/बारकोड के माध्यम से आजकल साइबर ठग बहुत ज्यादा ठगी को अंजाम दे रहे हैं, इसलिए हम सभी को ध्यान रखना है कि क्यूआरकोड/बारकोड केवल पैसे देने के लिए स्कैन किया जाता है, लेने के लिए नहीं। यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर क्राइम/ठगी हो जाती है तो उसकी सूचना तुरन्त साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर दें। इस दौरान पुलिस द्वारा छात्र/छात्राओं को महिला अपराधों व अन्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति सजग करते हुये उत्तराखण्ड पुलिस एप (गौरा शक्ति), महिला हेल्पलाइन 1090 व आपातकालीन नम्बर 112 की जानकारी भी दी गई।

# कांग्रेसियों ने जलाया बृजभूषण सिंह का पुतला-गिरफ्तारी की मांग

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**हरिद्वार।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने चंद्रशेखर चौक पर महिला पहलवानों को न्याय दिलाए जाने की मांग करते हुए, यौन उत्पीड़न के आरोपी भाजपा सांसद व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण सिंह को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए बृज भूषण सिंह का पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि आज भाजपा भले ही महिला सशक्तिकरण का नारा जोर-शोर से दे रही हो, लेकिन उनकी सरकार के ही सांसद महिलाओं का उत्पीड़न करने में लगे है। कहा कि भाजपा सरकार में गुंडागर्दी व महिलाओं का शोषण जारी है, लेकिन अपराधियों पर सरकार या प्रशासन का कोई शिकंजा नही है। कहा कि यदि सांसद के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जल्द उसकी गिरफ्तारी नही हुई, तो वह बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। पुतला दहन करने वालों में पूर्व सांसद राजेंद्र बाड़ी,पूर्व मेयर यशपाल राणा,पूर्व पालिका



चेयरमैन दिनेश कौशिक,पूर्व महानगर अध्यक्ष कलीम खान,वरिष्ठ नेता प्रेमसागर पुरी, प्रदेश महामंत्री राजकुमार सैनी,सुभाष सैनी, ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष आशीष सैनी,वरिष्ठ नेता सुभाष सैनी,डॉक्टर अताउरहमान,वरिष्ठ नेता मुकेश सैनी,महिला कांग्रेस अध्यक्ष रश्मि चौधरी, महिला जिलाध्यक्ष इंटक रितु कंडियाल,ब्लॉक अध्यक्ष रिजवान अहमद, श्रवण गोस्वामी, विशाल शर्मा,सुखमिंदर वाल्मीकि, मकसूद हसन, वरिष्ठ नेता भूषण त्यागी,वरिष्ठ नेता एमएन सक्सेना,उम्मेद गाजी, कृष्ण गोपाल शर्मा, सुभाष शर्मा, भूपेंद्र दीवान, रणवीर नागर, कमलेश कुमार, राहुल सैनी, रिजवान भूरा भाई,जगदीश बहुगुणा, पूर्व पार्षद सालिम गौड़,सुशील कश्यप सेवादल जिलाध्यक्ष,सुजल कौशिक, यासमीन खान, समीर मलिक, राहुल सैनी,पूर्व सभासद राशिद कुरैशी, उज्जवल पंडित, यूनुस अंसारी, रिजवान खंजरपुर, अनीस अहमद,प्रवेश आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# जाम से परेशान हुए हरिद्वार के लोग वीकेंड व पूर्णिमा के चलते लाखों की तादाद मे हरिद्वार पहुंचे श्रद्धालु ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार की सड़कों पर सिंहद्वार से शांतिकुंज जाने वाले मार्ग पर भारी राज्यों से आए श्रद्धालु घंटो तक जाम में फंसे। वीकेंड व पूर्णिमा के चलते हरिद्वार में आए श्रद्धालुओं को जाम सामना करना पड़ा और साथी लोकल व्यक्तियों को भी अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी परेशानियों का सामना पढ़ रहा है। ट्रैफिक पुलिस व स्थानीय पुलिस भी जाम खुलवाने की कोशिश मे जुटी उसके बावजूद भी हरिद्वार में जाम की स्थिति बरकरार हरिद्वार ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त होती दिखाई दे रही है।



# शराब के नशे में वाहन चलाने एवं लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने पर पिथौरागढ़ पुलिस ने कुल- 4 लोगों को किया गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**पिथौरागढ़।** नाबालिग को वाहन देना पड़ा भारी, थाना गंगोलीहाट पुलिस ने वाहन सीज करते हुए अभिभावक का किया 33 हजार का चालान पिथौरागढ़ पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ लोकेश्वर सिंह के आदेशानुसार, क्षेत्राधिकारी पिथौरागढ़, नरेन्द्र पंत, क्षेत्राधिकारी डीडीहाट महेश चन्द्र जोशी एवं क्षेत्राधिकारी धारचूला परवेज अली के पर्यवेक्षण में जनपद क्षेत्रान्तर्गत सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से नाबालिग वाहन चालकों/ शराब पीकर वाहन चलाने/ स्टंट ड्राइविंग कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाने/ यातायात नियमों का उल्लंघन करने/ शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष चैकिंग अभियान के तहत जनपद पुलिस द्वारा निम्नलिखित कार्यवाहियाँ की गई। थानाध्यक्ष जाजरदेवल, मदन सिंह बिष्ट एवं उ0नि0 शंकर सिंह रावत, चौकी प्रभारी ऐंचोली द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्रान्तर्गत चैकिंग के दौरान 02 वाहन चालकों क्रमश 1 वाहन चालक, सूरज सिंह पुत्र स्व0 पुष्कर सिंह, निवासी- जाजरदेवल पण्डा जिला पिथौरागढ़ एवं 2. मनोज पुत्र दीवानी राम, निवासी- धौन चम्पावत, को शराब के नशे में वाहन चलाने पर गिरफ्तार कर, दोनों के वाहन सीज किये गये।उ0नि0 मीनाक्षी देव, प्रभारी थाना बलुवाकोट द्वारा 112 की सूचना पर ग्राम नगतड़ से 02 अभियुक्तों क्रमशः 1. कुन्दन सिंह पुत्र चन्द्र सिंह, निवासी- ग्राम नगतड़ थाना बलुवाकोट जिला पिथौरागढ़ उम्र- 49 वर्ष एवं 2. पुष्कर सिंह पुत्र स्व0 वीर सिंह, निवासी- सिन्याखोला धारचूला, हाल निवासी- ग्राम नगतड़ बलुवाकोट उम्र- 19 वर्ष, को शराब के नशे में आपस में गाली- गलौच व मारपीट करने तथा हुड़दंग मचाकर शांति व्यवस्था भंग करने पर धारा- 107/116/151 सी.आर.पी.सी. के तहत गिरफ्तार किया गया। उ0नि0 हरीश सिंह, चौकी प्रभारी पनार द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान 01 नाबालिग स्कूटी चालक को पकड़कर स्कूटी को सीज किया गया तथा उसके पिताजी को बुलाकर नाबालिग व उनकी काउन्सलिंग की गई तथा उनका 33 हजार रु0 का चालान कर चालानी रिपोर्ट मा0न्याया0 प्रेषित किया गया, साथ ही उन्हें अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने देने की सख्त हिदायत दी गई। इसके अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक यातायात एवं जनपद के समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत चैकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 121 लोगों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी, जिसमें ओवरलोडिंग कर वाहन चलाने पर 01 पिकअप वाहन सीज किया गया।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 44 वें विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2023 पर विशेष

## आओ पर्यावरण की रक्षा कर धरती को स्वर्ग बनाएं - प्लास्टिक प्रदूषण को मात देने मुहिम जरूरी



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 5 जून 2023 को 44 वां विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है है क्योंकि वर्तमान कुछ दशकों से पर्यावरण संबंधी त्रासदी का सामना वैश्विक स्तरपर हर देश कर रहा है इसलिए पर्यावरण सुरक्षा को गंभीरता से रेखांकित करना हर देश के हर नागरिक के लिए तात्कालिक जरूरी है हो गया है। हालांकि हर देश में पर्यावरण सुरक्षा को लेकर 5 जून को पर्यावरण सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम रखे जाते हैं परंतु अब समय आ गया है कि वैश्विक स्तरपर हर नागरिक को विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण की सुरक्षा अपने निजी, व्यक्तिगत कार्य मानते हुए इस वर्ष की थीम प्लास्टिकप्रदूषण को मात, सफल बनाने के लिए कम से कम 5 संकल्प लेने की जरूरत है। पृथ्वी की संरचना, सूर्य से उसकी दूरी और अन्य भौतिक दशाओं के कारण यहां जीवन का अस्तित्व है। हवा, पानी मिट्टी और विविध वनस्पतियां प्रकृति के ऐसे उपहार हैं, जिनकी वजह से धरती पर जीवन संभव हुआ है। पृथ्वी पर जीवन के विभिन्न रूप इसे एक अनूठा ग्रह बनाते हैं परंतु हम लंबे समय से पृथ्वी के प्राकृतिक तंत्र का उपभोग शोषण और विनाश कर रहे हैं।अब वक्त आ गया है कि उक्त संकल्प लेकर तीव्रता से इसकी सुरक्षा करनी होगी जिसको गंभीरता से रेखांकित करने की जरूरत है ताकि हम आने वाली अनेक पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण व्यवस्था को छोड़कर जाएं ताकि हम उनकी आलोचना, घृणा और नफरत के पात्र होने से अपने आप को बचा कर खुद वर्तमान जीवन सुरक्षित होकर जीएं।

साथियों बात अगर हम इस सृष्टि में में पर्यावरण के महत्व की करें तो धरती को इंसान के रहने योग्य बनाने के लिए प्रकृति व पर्यावरण को सुरक्षित रखना चाहिए।पर्यावरण और धरती जीवन जीने के लिए सबसे जरूरी चीजें उपलब्ध कराती है, जैसे सांस लेने के लिए हवा और पेट भरने के लिए भोजन पानी। हालांकि धरती को जीने के लिए एक अच्छे वातावरण की जरूरत होती है, जो प्रकृति देती है। प्रकृति और पर्यावरण ब्रह्मांड को सुचारू तौर पर चलाने का काम करता है। प्रकृति हमें जीने के लिए बहुत कुछ देती है हालांकि इंसान बदले में प्रकृति का दोहन करता है और पर्यावरण को प्रदूषित करता है। इससे प्रकृति को नुकसान होता है और जनजीवन खतरे में पड़ जाता है। इंसान का कर्तव्य है कि ग्लोबल वार्मिंग, मरीन पॉल्यूशन के बढ़ते खतरे और बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करें, ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। इसी कर्तव्य के प्रति लोगों को सचेत करने के लिए प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

साथियों बात अगर हम हमारे जीवन में पर्यावरण के महत्व की करें तो ये पृथ्वी इंसान को दी हुई ईश्वर की सबसे बड़ी देन है, लेकिन इंसान का स्वभाव ही ऐसा है कि उसे चीजों की कदर तभी होती है जब वो उसे खो देता है। इंसान की गलतियों काखामियाजा पृथ्वी को भुगतना पड़ता है।इंसान का जीवन धरती के वातावरण के कारण अस्तित्व में है। हमारे सांस लेने के लिए हवा से लेकर खाने पीने तक की हर जरूरी चीजें वातावरण उपलब्ध कराता है और धरती पर जीने के लिए अनुकूल माहौल देता है। यह सब प्रकृति की देन है। प्रकृति और पर्यावरण से ही ब्रह्मांड सुचारू रूप से चल पाता है। प्रकृति तो हमें जीने के लिए बहुत कुछ देती है लेकिन इसके बदले में इंसानों ने प्रकृति का सिर्फ दोहन किया और पर्यावरण को प्रदूषित किया। जिससे प्रकृति को तो नुकसान हो ही रहा है, साथ ही जनजीवन का अस्तित्व भी खतरे में है। ऐसे में हर इंसान का कर्तव्य है कि वह पर्यावरण को सुरक्षित रखने का प्रयास करें। ग्लोबल वार्मिंग, मरीन पॉल्यूशन के बढ़ते खतरे और बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करें, ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके लिए हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

> **प्रकृति और पर्यावरण ब्रह्मांड को सुचारू तौर पर चलाने में अभूतपूर्व भूमिका निभाते हैं, जिसको सुरक्षित रखना परम माननीय धर्म है - एडवोकेट किशन भावनानी**

साथियों बात अगर हम विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2023 की थीम की करें तो इस वर्ष, 2023, विश्व पर्यावरण दिवस 2023 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को मात है , जो विश्व पर्यावरण दिवस की 51वीं वर्षगांठ है और प्लास्टिकप्रदूषण से निपटने के लिए एक वैश्विक आह्वान है।प्लास्टिक प्रदूषण शब्द का अर्थ अपशिष्ट प्लास्टिक उत्पादों के संचय और पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र के कणों से है। एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग में घातीय वृद्धि के कारण यह पर्यावरण संबंधी चिंताओं में सबसे आगे बढ़ गया है विकासशील देशों में प्रति व्यक्ति अधिक प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जहां कचरा संग्रहण प्रणाली खराब होती है। इसके कारण समुद्र को प्रदूषित करने वाला अधिकांश प्लास्टिक विकासशील और मध्यम आय वाले देशों की नदियों में उत्पन्न होता है। हालाँकि, विकसित राष्ट्र, विशेष रूप से कम पुनर्चक्रण दर वाले, भी प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रह के साथ संघर्ष करते हैं।2019 में, वैश्विक स्तर पर 46 करोड़ टन प्लास्टिक डंप किया गया था, जहां 9 प्रतिशत प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल किया गया था, और 22 प्रतिशत का कुप्रबंधन किया गया था। हालांकि 120 से अधिक देशों में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर किसी न किसी रूप में प्रतिबंध या कर है, लेकिन यह समस्या को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित नहीं करता है।अधिकांश नियम प्लास्टिक की थैलियों जैसी वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो प्लास्टिक कचरे के एकनगण्य हिस्से के लिए खाते हैं, लेकिन प्लास्टिक की खपत को कम करने के बजाय कूड़े कोमहत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं। यह प्लास्टिक के उपयोग और इसके खतरनाक पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के महत्व को बताता है।इस दिन, दुनिया के विभिन्न कोनों से लोग प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आगे आते हैं और प्लास्टिक के प्रतिस्थापन में स्थायी समाधान खोजने के लिए स्थानीय अधिकारियों, उद्योगों, समुदायों और व्यक्तियों को एकजुट करना चाहते हैं।

साथियों बात अगर हम मानवीय जीवन को बचाने, सुरक्षित करने कम से कम पांच कठोर संकल्पों की करें तो,पर्यावरण दिवस पर(1) संकल्प लें कि पॉलीथिन या प्लास्टिक के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगाने का प्रयास करेंगे। प्रकृति के सबसे बड़े दुश्मन पॉलीथिन और प्लास्टिक ही हैं। ऐसे में खुद तो हम इनका इस्तेमाल नहीं करेंगे, साथ ही किसी अन्य को पॉलीथिन या प्लास्टिक का इस्तेमाल करते देखेंगे तो उसे भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करेंगे।(2) प्रकृति पेड़ पौधों पर निर्भर है। लेकिन आजकल अंधाधुंध पेड़ पौधों की कटाई हो रही है। पेड़ पौधों की कटाई से ऑक्सीजन की कमी होने के साथ ही मौसम चक्र भी बिगड़ रहा है। इस कारण कई भीषण प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में संकल्प लें कि पेड़ पौधों की कटाई बंद करके अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे, ताकि प्रकृति को अब तक हुए नुकसान का भरपाई हो सके।(3) घर से निकलने वाले कचरे को सही स्थान पर पहुंचाएंगे। हर दिन हमारे घर से बहुत सारा कचरा निकलता है। जिसको लोग इधर-उधर फेंक देते हैं। इसके कचरा या तो जानवरों के पेट में जाता या फिर नदियों में बह जाता है। इस कारण हमारी नदियां भी प्रदूषित होती हैं। कचरे को इधर उधर न फेंकें बल्कि उसे कूड़ेदान में ही डालें। सूखे और गीले कचरे को अलग अलग करके उसे फेंके, ताकि उसका सही तरीके से इस्तेमाल हो सके।(4) वातावरण को शुद्ध और सुरक्षित रखने में पेड़ पौधे, धरती, मिट्टी, जीव-जंतु, जल आदि की अहम भूमिका है, इसलिए इस मौके पर इस सभी का आभार व्यक्त करते हुए प्रार्थना करें कि पर्यावरण का संतुलन हमेशा बना रहें और संकल्प लें कि पर्यावरण को संतुलित और सुरक्षित रखने के लिए जो कुछ भी करना पड़े, हम करेंगे।(5) किसी व्यक्ति का जीवन सांस लेने से चलता है और सांस लेने के लिए शुद्ध हवा की जरूरत होती है। इसलिए विश्व पर्यावरण दिवस पर संकल्प लीजिए कि सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा हो, इसके लिए हम पेट्रोल-डीजल के बदले ई वाहन का उपयोग करेंगे। ज्यादा से ज्यादा पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करेंगे।(6) अभी 2 दिन पहले ही 3 जून 2023 को हमने विश्वसाइकिल दिवस मनाया है जिसे अधिक से अधिक उपयोग में लाने का संकल्प हमें लेना है।

साथियों बात अगर हम विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के इतिहास की करें तो विश्वपर्यावरण दिवस पृथ्वी पर मानवता केप्रभाव के बारे में बढ़ती चिंता के कारण अस्तित्व में आया था। राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) इस उत्सव के पीछे प्राथमिक एजेंसी है। पर्यावरण के मुद्दों के बारे में आम लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए ये दिवस मनाया जाता है। पर्यावरण दिवस सामूहिक कार्रवाई के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह परिवर्तन को प्रभावित करने के लिए आवाजों को बढ़ाने और प्रतिभागियों की एजेंसी को मजबूत करने में भी मदद करता है। वर्ष 1972 में स्टॉकहोम में संयुक्तराष्ट्र ने पहला वैश्विक पर्यावरण सम्मलेन आयोजित किया था। इसमें 119 देशों ने हिस्सा लिया था। इस सम्मलेन का मुख्य विषय बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण था। भारत की ओर से इस सम्मलेन में इंदिरा गांधी ने नेतृत्व किया था। इसी सम्मेलन में (यूएनईपी) का गठन भी हुआ और प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। भारत की ओर से नेतृत्व कर रही इंदिरा गांधी ने बिगड़ती पर्यावरण की दशा और भविष्य में होने वाले उसके प्रभाव पर व्याख्यान भी दिया था।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 44 वें विश्वपर्यावरण दिवस 5 जून 2023 पर विशेष।आओपर्यावरण की रक्षा कर धरती को स्वर्ग बनाएं - प्लास्टिक प्रदूषण को मात देने मुहिम जरूरी है।प्रकृति और पर्यावरण ब्रह्मांड को सुचारू तौर पर चलाने में अभूतपूर्व भूमिका निभाते हैं, जिसको सुरक्षित रखना परम माननीय धर्म है।

-संकलनकर्ता लेखक -
कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

# क्या आप अपने बच्चों को गुलाम देखना चाहते हो, बड़ो बुद्ध धम्म की ओर राजेंद्र पाल गौतम




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**चितोडगढ/ निम्बाहेडा।** राजस्थान के चितोडगढ जिला के निम्बाहेडा क्षेत्र पिपलिया कला में संपन्न हुआ विशाल बौद्ध धर्म संगति समारोह ।बुद्धि और विवेक से चलना ही है धम्म, नैतिकता ही धम्म है, धम्म ही नैतिकता पर आज यहां दिल्ली से आए पुर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने बताया कि हमें किसी भी बात को मानने से पहले जानो और समझो सोचो, जाति व्यवस्था से बाहर निकलकर बाहर निकलना होगा तथा उन्होंने बताया कि सरकारी विद्यालयों में 98% लोग निकले हैं पढ लिखकर, और बने हे बडे अधिकारी नेता राज नेता, निजी स्कूलों की क्या आवश्यकता है? उन्होंने बताया कि हमारे समाज के लोगों की हत्या होती रहे और हमारे नेता कुर्सी पर बैठे रहें यह किस तरह मानसिकता है? उन्होंने कहा कि बुद्धि और विवेक से चलना ही धम्म है, ग्वालियर से आए धम्माचार्य भॅते डाक्टर संघ रतन मेत्रे ने बताया कि बौद्ध धर्म में समता समानता करुणा और दया है, हमें तथागत भगवान बुद्ध को समझ कर उनके बताए मार्ग पर चलना होगा, तभी जीवन में बदलाव संभव है ,उन्होंने बताया कि इंसान बनने के लिए बौद्ध धम्म को समझने और हमें इस पर चलने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि हमें इंसान और पशु में फर्क को समझना होगा ,हम अपने भीतर धन्यवाद की भावना तथा मंगल भावना जगाऐ। हमारे भीतर निर्णय लेने की क्षमता होना आवश्यक है। धम्म को नही समझना ही शुद्ध है । नारा भी लगाया गया नारे भी लगाये गये, बाबा साहेब की अंतिम इच्छा-बौद्ध धम्म की ले लो दीक्षा , इस तरह से आज निम्बाहेडा क्षेत्र के पिपलिया कला में सामाजिक कार्यकर्ता एवं कार्यक्रम संयोजक देवीलाल मीणा को उनके द्वारा बौद्ध विहार के लिए जमीन दान करने पर उनका तथा उनके परिवार जन का सामाजिक सम्मान किया गया। इस ऐतिहासिक काम के लिए सभी ने आभार जताया, भारतीय दलित साहित्य अकादमी के संरक्षक निर्मल देसाई तथा जिलाध्यक्ष मदन सालवी ओजस्वी के नेतृत्व में भगवान लाल रेगर ,बाबू लाल जटिया, मेवालाल बलाई, भंवरलाल भांभी, अम्बा लाल सालवी, गगांराम मेघवाल आदि द्वारा बाबा साहब की तस्वीर भेंटकर उपरना ओढाकर सामाजिक सम्मान किया गया। क्षेत्र के कनेरा में 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमा की स्थापना और अनावरण के ऐतिहासिक कार्य के लिए उल्लेखनीय कार्य करने पर वहां के जगदीश चंद्र बलाई व टीम का भी भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा सामाजिक सम्मान किया गया। इंसाफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमृतलाल सिंह, वंचितों के शुभ चिंतक लेखक हरिराम जाट, तथा धम्म प्रिय सूरतगढ़ से राजेंद्र के निबान, ओमप्रकाश गाड़ी लोहार उपाध्यक्ष नयागांव ,एवं अर्जुन बघेला आदि ने बुद्ध पूर्णिमा पर सभी आमजन को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने भीतर चेतना जागृति लाने का आह्वान किया। बौद्ध धम्म को समझकर अंधविश्वास आडंबर रूढीवाद से बाहर निकलने पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिये। जिसे सभी ने गंभीरता पूर्वक समझा गया।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



## नसीरुद्दीन शाह बोले- फिल्म अवॉर्ड को बनाया वॉशरूम का हैंडल

**एक्टर** नसीरुद्दीन शाह ने बॉलीवुड में मिलने वाले अवॉर्ड्स पर तंज कसा है। उन्होंने कहा- मेरे लिए इन अवॉर्ड्स का अब कोई मतलब नहीं है। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में मिलने वाली ट्रॉफी को मैं वॉशरूम के हैंडल के तौर पर यूज करता हूं। जब कोई मेरे घर के वॉशरूम में जाएगा तो उसे दरवाजे पर फिल्मफेयर की दो ट्रॉफियां हैंडल के रूप में लटकी मिलेंगीं। नसीरुद्दीन शाह ने मुंबई में एक फार्महाउस बनवाया है। वहां के दरवाजों पर जो हैंडल लगे हुए हैं, वे सभी उन्हें मिलने वाली ट्रॉफियों से बनाए गए हैं। शाह ने कहा- अब मेरे लिए इन अवॉर्ड्स का कोई मतलब नहीं है। पहले इन अवॉर्ड्स को जीतने के बाद खुशी मिलती थी। धीरे-धीरे करके ऐसे बहुत सारे अवॉर्ड्स हो गए। कुछ वक्त बाद एहसास हुआ कि ये अवॉर्ड्स लॉबिंग का नतीजा हैं। उन लोगों को अवॉर्ड्स मिलने स्टार्ट हुए जो इसके लायक ही नहीं हैं। इसके बाद ही मेरा इन अवॉर्ड्स से नाता टूटने लगा। शाह ने आगे कहा- मेरे पिता मुझे बेवकूफ समझते थे। उन्हें लगता था कि मैं जिंदगी में कुछ नहीं कर पाऊंगा। वे नहीं चाहते थे कि मैं एक्टिंग में करियर बनाऊं। जब मुझे सरकार की तरफ से पद्मश्री और पद्म भूषण मिला तो मुझे अपने पिता की याद आई। मैं राष्ट्रपति भवन में इन पुरस्कारों को लेने के लिए जा रहा था, तो बार-बार पिता की वो बातें जेहन में आ रही थीं। मैं बार-बार आसमान की तरफ देख कर पिता से यही कहता कि क्या आपको ये लम्हा दिखाई दे रहा है। खैर वे जहां होंगे उन्हें खुशी ही हुई होगी। पद्म अवॉर्ड्स मिलना मेरे लिए खुशी की बात थी, लेकिन इन फिल्मी अवॉर्ड्स का मेरे लिए कोई मतलब नहीं है।

A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
G.D.JALAN COLLEGE OF SCIENCE, COMMERCE & ARTS
Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai 400 097.
AFFILIATED TO UNIVERSITY OF MUMBAI & M.S. BOARD, PUNE
A Sister Concern of S.J.PODDAR ACADEMY (ICSE) • Linguistic MARWARI Minority College




ADMISSIONS OPEN
JUNIOR COLLEGE
UDISE Code No. : 27230600241
F.Y.J.C. & S.Y.J.C. SCIENCE : Regular & with I.T.
COLLEGE CODE : MU248SPE
F.Y.J.C. & S.Y.J.C. COMMERCE : Regular & with I.T.
COLLEGE CODE : MU248CPE / MU248CFE
DEGREE COLLEGE
B.Com. / B.M.S. / B.A.F.
B.Sc. (C.B.Z.) / B.Sc. (I.T.)
College Code : 527

OUR COLLEGE HELPS THE STUDENTS WITH
- Internships and Placements
- Starting their own venture
- Successfully completing the industry - Guided Certificate Programs
- Updating their Knowledge in Latest Technology
- Personality Development
- Confidence Building
- Improving Communication Skills
- One-on-One Mentoring
- Psychological Counselling
- Career Counselling







Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai 400 097.
9321558419 / 9321674124
www.gdjalan.edu.in

## परवीन बाबी का किरदार निभाएंगी उर्वशी रौतेला





**उर्वशी रौतेला** जल्द ही दिवंगत एक्ट्रेस परवीन बाबी की बायोपिक में नजर आएंगीं। इस बीच रविवार को एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर अपकमिंग फिल्म से जुड़ा अपडेट शेयर किया। फिल्म की स्टोरी लाइन शेयर करते हुए उर्वशी ने नए प्रोजेक्ट की कंफर्मेशन दी, वहीं पोस्ट के जरिए उन्होंने बॉलीवुड पर निशाना भी साधा। दरअसल उर्वशी ने फिल्म की स्क्रिप्ट शेयर की है, जिसपर लिखा है- फिल्म बाय वसीम एस खान। इसके आगे पन्ने पर बोल्ड लेटर्स में परवीन बाबी का नाम लिखा हुआ है। साथ ही दो पैराग्राफ हैं, जिसमें लिखा है कि ये फिल्म एक्ट्रेस के करियर के साथ-साथ उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में बताएगी। उनके सुनहरे पलों को पर्दे पर दिखाएगी। पोस्ट शेयर करते हुए उर्वशी ने लिखा- बॉलीवुड फेल हो गया, लेकिन मैं आपको प्राउड फील कराऊंगी। ॐ नमः शिवाय। नई शुरूआत के जादू पर भरोसा करें। फैंस उर्वशी को परवीन बाबी के किरदार में देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। उर्वशी का पोस्ट सोशल मीडिया पर बेहद सुर्खियों में है। लोग एक्ट्रेस को परवीन के गेटअप में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक फैन ने कमेंट सेक्शन में लिखा- परवीन बाबी पर फिल्म बनाने के लिए शुक्रिया। दूसरे फैन ने कहा- आपको इस किरदार में देखने का इंतजार नहीं कर सकता।